an>

Title: Need to convert the Pulgaon-Arvi Narrow Gauge railway line in Wardha Parliamentary Constituency into broad gauge railway line.

**श्री रामदास सी. तडस (वर्धा) :** अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र वर्धा की समस्या की ओर आकृÂष्ट करते हुए, आग्रह करना चाहता हूं कि देश भर में छोटी रेल लाइन को समाप्त कर ब्रॉडगेज में बदलने की योजना रेल मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही है। पुलगांव, आरवी, मुर्तिजापुर, यवतमाल, मुर्तिजापुर, अचलपुर की छोटी लाइन को समाप्त कर ब्रॉडगेज में बदलने का निर्णय हो चुका है। इस संबंध में मध्य रेल द्वारा निविदा सूचना भारत के महामहिम राÂष्ट्रपति की ओर से निकाली गयी है। पुलगाव-आरवी नैरोगेज लाइन को ब्रॉडगेज में बदलने के संबंध में छोटे पुलों के निर्माण के लिए मुंहबंद निविदा 18 जनवरी, 2001 को आमंत्रित की गयी थी, 15 वष्Âाऩ बीत चुके हैं।...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** केवल डिमाण्ड रखते जाइए, इतना लम्बा भाषण नहीं देना है।

श्री बलभद्र माझी।

**श्री रामदास सी. तडस:** इसकी वजह से आम आदमियों एवं विद्यार्थियों को काफी समस्या का सामना करना पड़ता है।

**माननीय अध्यक्ष :** श्री भैरों प्रसाद मिश्र और कुँवर पुÂष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री रामदास सी. तडस द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।